छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 : महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या से अधिक

चर्चा में क्यों?

19 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल महिला मतदाताओं की संख्या अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या से अधिक है।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 7 और 17 नवंबर को हुए दो चरणों में मतदान के आँकड़ों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया है।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतपुर-सोनहत, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अंबिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, सारंगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़, रामपुर, पालीतानाखार, जैजैपुर, मरवाही, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ, राजिम, बिंद्रानवागढ़, सहिावा, डोंडीलोहारा, गुंडरदेही और संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्रों में वोट डालने वाले महिला मतदाताओं की संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक है।
- इसी प्रकार धमतरी, दुरग शहर, पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगाँव, खुज्जी, मोहलामानपुर, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागाँव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में वोट डालने वाले महिला मतदाताओं की संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक है।
- छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए मतदान में कुल 1 करोड़ 55 लाख 61 हज़ार 460 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमे 77 लाख 48 हज़ार 612 पुरुष मतदाता और 78 लाख 12 हज़ार 631 महिला मतदाता शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-assembly-elections-2023-the-number-of-female-voters-is-more-than-the-number-of-male-voters